Chapter- 2

# पंच परमेश्वर

WORKSHEET-1

१. मौसी खेतें की देखभाल क्यों नहीं कर सकी ?

२. मौसी ने जुम्मन से क्या कहा ?

३. मैसी को किस बात पर अपमान होने लगा ?

४. जुम्मन मौसी के बात सुनकर क्या उत्तर दिया ?

५. पंचायत ने क्या निर्णय लिया ?

६. पंचायत का निर्णय सुनकर गाँव के लोग क्या बोले ?

७. जुम्मन अलगू को अपना शत्रु क्यों मानने लगा ?

८. अलगू ने समझू साहू के विपक्ष मे पंचायत क्यो बिठाई ?

९. अंत में पंच के रूप में जुम्मन क्या कहा ?

उत्तर अगले पृष्ठ पर

१०. **व्याकरण के अनुसार रिक्त स्थान भरिए –**

(क) ...शशी... और ...प्रभा... आज पाठशाला नहीं गई। (उचित संज्ञा का प्रयोग कीजिए)

(ख) मोहन बहुत ...अच्छा... लड़का है। (उचित विशेषण शब्द का प्रयोग कीजिए)

(ग) ...वह...... पाठशाला गया, लेकिन उसने ...मुझे... नहीं बताया।
(उचित सर्वनाम का प्रयोग कीजिए)

(घ) मोहन बहुत अच्छा लड़का है। ...बुरा..... (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द लिखिए)

(ड) अध्यापक और ...अध्यापिका...छात्रों के जीवन मे महत्वपूर्ण होते हैं।
(रिक्त स्थान में स्त्रीलिंग रूप लिखिए)

(च) 'कमल' का पर्यायवाची शब्द ...पंकज... है।

(छ) 'सोने के आभूषण बनाने वाला' ...सोनार कहलाता है।

# उत्तर पुस्तिका

१. मौसी खेतों की देखभाल नहीं कर सकी क्योंकि वे बूढ़ी हो गई थी।

२. मौसी ने जुम्मन से कहा "अब तुम्हारे साथ मेरा निर्वाह नहीं होगा। तुम मुझे रूपये दे दिया करो, मैं अपना अलग प्रबंध कर लूँगी।

३. कुछ समय बाद जुम्मन और उसकी पत्नी के व्यवहार में मौसी के प्रति कड़वाहट आने लगी थी। बात-बात पर उनका अपमान होने लगा।

४. जुम्मन मौसी की बात सुनकर कहा, "रूपये क्या यहाँ फलते हैं।"

५. पंचायत ने निर्णय लिया, "मौसी को माहवार खर्च दिया जाए क्योंकि मौसी की जायदाद से

इतना मुनाफा तो अवश्य होता होगा। 2

6. पंचायत का निर्णय सुनकर गाँव के लोगों ने कहा, "इसका ही नाम पंचायत है। दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया।"

7. जुम्मन अलगू को अपना शत्रु मानने लगा क्योंकि अलगू ने मौसी के पक्ष में फैसला सुनाया।

8. अलगू ने समझू साहू के विपक्ष में पंचायत बैठाई क्योंकि समझू हमेशा बैल के दाम देने से इंकार कर देता था।

9. अंत में पंच के रूप में जुम्मन ने कहा, "जिस समय बैल खरीदा गया, उसे कोई रोग नहीं था। यदि उसी समय उसका मूल्य चुका दिया जाता तो समझू साहू उसे फिर लेने के

अधिकारी न होते । समझू बैल का पूरा मूल्य दे दे ।"